प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.02.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के पहले चरण की आज तीसरी व अंतिम बैठक है। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। सत्र के दौरान विभिन्न सदस्यों के सेब खरीद, आयुर्वेदिक संस्थान, विकास निधि, जल जीवन मिशन, शिक्षकों व गैर शिक्षकों की नियुक्तियां, भवन निर्माण जैसे कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए जाएंगे। सदन में आरडीजी पर आज भी चर्चा जारी रहेगी।

भाजपा

प्रदेश भाजपा की एक अहम बैठक कल देर शाम नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में बजट सत्र के दौरान सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने को लेकर रणनीति बनाई गई। इसके अलावा आगामी पंचायती चुनाव और संगठन की मजबूती सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई।

टीकाकरण

कांगड़ा जिला में 16 हजार 5 सौ 33 किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से एच. पी.वी. के टीके लगाए जाएंगे। इस संबंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि इसके लिए शिक्षण संस्थानों में विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी ताकि अभिभावकों व विद्यार्थियों को इस टीके के महत्व के बारे में सही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी को स्कूलों में आयोजित होने वाली पीटीएम बैठक में इस वैक्सीनेशन पर चर्चा विशेष रूप से की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की कुल 16 हजार 5 सौ 33 बालिकाएं चिन्हित की गई हैं जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 75 विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये वैक्सीन निशुल्क रूप से उपलब्ध करवाई जा रही है।

धार्मिक पर्यटन

प्रदेश का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुल्लू–मनाली अपने सौंदर्य के लिए देश–विदेश में अहम स्थान रखता है। यही कारण है कि वर्षभर यहां पर पर्यटकों का तांता लगा रहता है। जिले में सोलंगनाला की स्की ढलानों में इन दिनों बर्फ व पानी के जम जाने से बना शिवलिंग पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और

इस स्थान को अंजनी महादेव के नाम से भी जाना जाता है जो अब धीरे–धीरे धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। अधिक जानकारी के साथ हमारे कुल्लू संवाददाता।

––डिस्पैच–आशीष––

कुल्लू जिला में सोलंगनाला की स्की ढलानों के साथ साथ बर्फ व पानी के जम जाने से बना शिवलिंग इन दिनों पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सोलंगनाला से लगभग दो किलोमीटर दूर स्थित इस स्थान को अंजनी महादेव के नाम से जाना जाता है जो अब धीरे–धीरे एक धार्मिक पर्यटक स्थल के रूप में उभर रहा है। इन दिनों बर्फ से बने इस शिवलिंग का भव्य आकार 20 फुट के लगभग है। आजकल यहाँ पहुंचने का रास्ता बर्फ से ढका हुआ है परंतु फिर भी ठंड के बावजूद भारी संख्या में पर्यटक व् श्रद्धालु कठिन रास्ता तय कर इस शिवलिंग के दर्शनों को पहुंच रहे है। इस स्थान को बाबा प्रकाशपुरी ने वर्ष 1999 में खोजा था। उनके शिष्य के अनुसार इस स्थान पर माता अंजनी ने तपस्या की थी। पर्यटक इस स्थान पर शिवलिंग को देख चकित हो जाते हैं क्योंकि यह शिवलिंग अमरनाथ में बनने वाले शिवलिंग की याद दिलाता है। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा।

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव

मंडी में जारी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में इस बार देवधुन – वाद्ययंत्र प्रतियोगिता लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही कल 23 प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुति दी और पारंपरिक नगाड़ों, करनाल, रणसिंघा व अन्य वाद्ययंत्रों की गूंज से वातावरण भक्तिमय बना दिया। प्रतियोगिता के लिए नवासी देवताओं के बजंत्रियों ने वाद्ययंत्र प्रतियोगिता के लिए जबकि 10 देवताओं के देवलुओं ने देवलुनाटी प्रतियोगिता के लिए अपना नाम दर्ज करवाया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत बादलों के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि आज चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पीति जिले की उंची चोटियों पर हल्का हिमपात हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आगामी सप्ताहभर प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम साफ बना रहेगा और दिन के तापमान में गर्माहट लगातार जारी रहेगी।

राज्यसभा चुनाव तारीख

चुनाव आयोग ने राज्यसभा चुनाव 2026 की तारीखों का ऐलान किया है। चुनाव आयोग ने आज दस राज्यों की राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। राज्यसभा की ये सीटें अप्रैल

2026 में खाली होने वाली हैं। इनके लिए 16 मार्च को वोटिंग है और नतीजे भी उसी दिन आएंगे। हिमाचल में भी एक सीट के लिए चुनाव होने हैं।